हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शुक्रवार 29 मई 2026

11 कपास को बीमारियों से बचाने के लिए आधुनिक...



12 सतनाली क्षेत्र के 4 गांवों को मिली 24 घंटे बिजली...



**खबर संक्षेप**

### साइबर ठगी में दो पकड़े 50 हजार रुपये बरामद

**नारनौल।** थाना सदर पुलिस ने साइबर ठगी के एक मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने इस मामले में सघन जांच करते हुए 27 मई को आरोपित नरेश निवासी निहालोठ थाना पचेरी राजस्थान व गौरव निवासी सिलारपुर मेहता थाना सदर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इन दोनों आरोपितों से ठगी गई राशि में से 50000 रुपये बरामद कर लिए हैं। रविदत्त ने पुलिस को दी प्रथम सूचना रिपोर्ट में बताया था कि दोपहर के समय उसके साथ कुल दो लाख रुपये की साइबर ठगी हुई। शातिर ठगों ने उसके पंजाब नेशनल बैंक व एक्सिस बैंक के खातों से 50-50 हजार रुपये की चार अलग-अलग ऑनलाइन ट्रांजैक्शन के जरिए दोनों खातों से एक-एक लाख रुपये उड़ा लिए थे।

## मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर अब बिना मालिक की मंजूरी के नहीं होगा पंजीकरण

### आधार कार्ड और ओटीपी सत्यापन हुआ अनिवार्य, फर्जीवाड़े पर लगेगी रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा सरकार ने किसानों के हितों की सुरक्षा और फसल पंजीकरण प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और सुरक्षित बनाने के लिए मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर बड़ा बदलाव किया है। अब यदि जमीन के मालिक के अलावा कोई अन्य व्यक्ति फसल का पंजीकरण करवाएगा तो उसे जमीन मालिक का आधार कार्ड और आधार से जुड़े मोबाइल नंबर पर आने वाला ओटीपी दर्ज करना अनिवार्य होगा। यह प्रक्रिया प्रत्येक रकबे के पंजीकरण के दौरान अपनाई जाएगी। सरकार की इस नई व्यवस्था को फर्जी पंजीकरण रोकने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। पहले कई बार बिना वास्तविक जमीन मालिक की जानकारी के फसल पंजीकरण होने की शिकायतें सामने आती थी। जिससे सरकारी रिकॉर्ड में गड़बड़ी और योजनाओं का गलत लाभ उठाने की आशंका बनी रहती थी। अब ओटीपी सत्यापन लागू होने से केवल जमीन मालिक की सहमति से ही पंजीकरण पूरा हो सकेगा। मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण करवाने वाले किसानों को अनेक लाभ मिलते है। किसानों को अपनी फसल बेचने में सुविधा मिलती है तथा सरकारी खरीद प्रक्रिया में प्राथमिकता मिलती है। इसके अलावा प्राकृतिक आपदा, ओलावृष्टि या खराब मौसम से फसल खराब होने पर मुआवजा प्राप्त करने में भी आसानी रहती है। फसल बीमा योजनाओं और अन्य सरकारी सहायता का लाभ भी पंजीकृत किसानों को सीधे मिल पाता है। नई डिजिटल व्यवस्था से किसानों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर कम लगाने पड़ेंगे और रिकॉर्ड भी सुरक्षित रहेगा।



नारनौल। पंजीकरण करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

**पंजीकरण करते समय आवश्यक दस्तावेज**

नई व्यवस्था के तहत किसानों को फसल पंजीकरण करवाने के लिए कुछ जरूरी दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। इनमें जमीन मालिक का आधार कार्ड, आधार से लिंक मोबाइल नंबर, परिवार पहचान पत्र, बैंक खाता विवरण, जमीन से संबंधित दस्तावेज और फसल संबंधी जानकारी शामिल होगी। यदि कोई व्यक्ति किसी अन्य की जमीन पर खेती कर रहा है तो उसे भी मालिक की अनुमति और ओटीपी सत्यापन प्रक्रिया पूरी करनी होगी क्योंकि पिछली बार नारनौल के अनेक गांवों के किसानों की जमीन का पंजीकरण मेवात के कुछ फर्जी लोगों ने करवा लिया था। जिसकी जिला उपायुक्त के आदेश पर पुलिस ने शिकायत भी दर्ज की थी। पीड़ित किसानों से जानकारी लेकर पुलिस ने छानबीन शुरू की थी।

### हर रकबे पर मालिक का आधार कार्ड अनिवार्य

सरकार ने स्पष्ट किया है कि अब जमीन मालिक का आधार कार्ड और उससे जुड़ा मोबाइल नंबर पंजीकरण प्रक्रिया का अहम हिस्सा होगा। बिना आधार सत्यापन और ओटीपी के पंजीकरण पूरा नहीं माना जाएगा। इससे यह सुनिश्चित होगा कि केवल वास्तविक मालिक की अनुमति से ही किसी जमीन का रिकॉर्ड पोर्टल पर अपडेट हो सके। इससे गलत पंजीकरण पर अंकुश लगेगा।

**फसल पंजीकरण को किया अनिवार्य**

सरकार द्वारा मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण को अनिवार्य इसलिए किया गया है ताकि किसानों का सही डेटा तैयार हो सके और जरूरत पड़ने पर उन्हें सीधे सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। फसल खरीद, बीमा योजना, प्राकृतिक आपदा मुआवजा और अन्य कृषि सहायता योजनाओं का लाभ अब पंजीकरण के आधार पर ही दिया जाता है। ऐसे में सभी किसानों के लिए समय पर पंजीकरण करवाना बेहद जरूरी हो गया है। खाद वितरण प्रणाली में फसल पंजीकरण को अनिवार्य किया है।

**जमीन का नहीं कर पाएंगे गलत पंजीकरण**

नई ओटीपी आधारित प्रणाली लागू होने के बाद फर्जी तरीके से पंजीकरण करवाना आसान नहीं रहेगा। पहले कई मामलों में गलत व्यक्ति द्वारा पंजीकरण कराने या एक ही जमीन पर अलग-अलग दावे करने की शिकायतें सामने आती थी। अब हर पंजीकरण के दौरान जमीन मालिक की डिजिटल सहमति आवश्यक होने से ऐसी गड़बड़ियों पर काफी हद तक रोक लगेगी। इससे सरकारी रिकॉर्ड अधिक सटीक बनेगा और पारदर्शिता बढ़ेगी।

## सूरज की तपिश पर भारी पड़ा पानी का संकट, बढ़ रहा लोगों का पारा

### देवस्थान में है बुस्टिंग स्टेशन, पांच मोहल्लों में गहराया पानी का संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

भीषण गर्मी के बीच नहरी पानी समय पर नहीं आने के कारण शहर के मौहल्ला देवस्थान और उसके आस-पास के चार अन्य मौहल्लों में पानी का संकट लगातार गहराता जा रहा है। क्षेत्र के करीब पांच मोहल्लों में हालात ऐसे हैं कि लोगों को दो-दो दिन बाद पानी की सप्लाई मिल रही है। नियमित जलापूर्ति नहीं होने से घरेलू कार्य प्रभावित हो रहे हैं। सुबह से ही लोग पानी भरने के लिए बर्तनों और टंकियों के साथ लाइन में लगने को मजबूर हैं। कई परिवारों को पीने के पानी तक के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। देवस्थान क्षेत्र में जनस्वास्थ्य विभाग का बुस्टिंग स्टेशन होने के बावजूद पर्याप्त सप्लाई नहीं मिलने पर लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है। जानकारी के मुताबिक शहर के ऊंचाई वाले क्षेत्र मौहल्ला देवस्थान में जनस्वास्थ्य विभाग का बुस्टिंग स्टेशन है। इसका निर्माण जनस्वास्थ्य मंत्री रही किरण चौधरी ने 27 दिसम्बर 2011 को करवाया था। इस टैंकर से देवस्थान, काबली संघीवाड़ा, चेतावाली कुई, बड़का कुआं व गुरूनानकपुरा का कुछ हिस्सा शामिल है। यानी करीब 2000 की आबादी है और 500 मकानों में इसी एक टेंकर से पानी सप्लाई होता है। अभी हाल ही में सबसे पहले इस टैंकर की मोटर खराब हो गई। बार बार इस ठीक किया गया। बड़ी की जगह छोटी मोटर लगाई गई। वह भी कामयाब नहीं हुई तो बुधवार को फिर से बड़ी मोटर लगा दी गई। इसके बावजूद हालात जस को तस बने हुए है।



नारनौल। देवस्थान में स्थापित बुस्टिंग स्टेशन का पत्थर।

**चार जोन में बंटा देवस्थान, दो से तीन दिन में आ रहा नंबर**

देवस्थान बुस्टिंग स्टेशन से पानी सप्लाई व्यवस्था को चार जोन में बांटा गया है। सुबह व शाम रोजाना पानी सप्लाई की व्यवस्था है। इन दिनों पानी की डिमांड अधिक होने और मोटर खराब होने से व्यवस्था बिगड़ी हुई है। इन दिनों हालात यह है कि जिस जोन में सुबह पानी सप्लाई किया गया तो उसका नंबर दो से तीन दिन बाद ही आ रहा है। ऐसी सूरत में घर ही महिलाएं दिनभर इधर उधर पानी को लेकर भटक रही है।

**बोले पूर्व पार्षद**



-पूर्व पार्षद घनश्याम शर्मा ने बताया कि देवस्थान बुस्टिंग स्टेशन से पांच मौहल्लों में पानी सप्लाई होता है। इन दिनों पेयजल व्यवस्था गड़बड़ाई हुई है। वह कई बार जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से मिल चुके है। आश्वासन जरूर मिला है, पर स्थाई समाधान नहीं हो पाया है। उनकी मांग है कि डिमांड को देखते हुए पानी की सप्लाई निरंतर बढ़ाई जाए। आखिर टेल तक पानी पहुंचे, ऐसी व्यवस्था जनस्वास्थ्य विभाग करें। जनहित कार्य के लिए हम पूरी तरह सहयोग करने के लिए तैयार है।

**क्या कहते हैं अधिकारी**

जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ मुकेश शर्मा ने बताया कि नहरी पानी समय पर नहीं आने की वजह से शहर में कुछ जगह परेशानी हुई है। उम्मीद है कि कल नहरी पानी आ जाएगा। जहां तक देवस्थान बुस्टिंग स्टेशन की बात है, वहां मोटर खराब हो गई थी। ठीक भी करवाई। अब दोबारा बड़ी मोटर लगा दी गई है। नहरी पानी आने के बाद यहां निरंतर पानी सप्लाई में कोई दिक्कत नहीं होगी।

**ऊंचाई होने से वाटर टैंकर के दाम भी बढ़े**

जिस एरिया में इस बुस्टिंग स्टेशन से पेयजल सप्लाई होती है, उसका बहुत बड़ा हिस्सा ऊंचाई पर है। सकरी गलियां भी है। इसी वजह से पानी सप्लाई नहीं होने का फायदा वाटर टैंकर वाले भी पूरी तरह उठा रहे है।

**पानी संकट पर क्या बोली महिलाएं**



महिला कुसुमलता सोनी ने बताया कि गर्मी का बुरा हाल है। ऊपर से पेयजल संकट ने जीना मुश्किल कर रखा है। समय पर नलों में पानी नहीं आ रहा है। स्थाई समाधान हो।



महिला मंजू पांडे ने बताया कि 15 दिनों से पानी सप्लाई निरंतर नहीं हो रही। बुरा हाल है। पानी की कमी पहले इतनी कभी नहीं हुई। जनस्वास्थ्य विभाग को इस समस्या का समाधान करना चाहिए।

-महिला सरोज निर्मल ने बताया कि पानी की टैंकर 500 रुपये तक मिल रहा है। हर दूसरे दिन टैंकर मंगवाने की नौबत आ रही है। ऐसा कब तक चलेगा। गंभीरता से प्रशासन को देखना चाहिए।



## शाम को अचानक बदला मौसम, बारिश और ओलावृष्टि से गर्मी से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

क्षेत्र में गुरुवार शाम मौसम ने अचानक करवट ले ली। दिनभर तेज धूप और उमस भरी गर्मी से लोग परेशान रहे, लेकिन शाम होते-होते आसमान में काली घटाएं छा गईं। तेज धूल भरी हवाओं के साथ शुरू हुआ मौसम का बदलाव कुछ ही देर में बारिश और ओलावृष्टि में बदल गया। अचानक बदले मौसम से जहां लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली, वहीं किसानों और आमजन को कुछ परेशानी का सामना भी करना पड़ा।

सुबह से ही मौसम साफ था और तेज धूप निकलने के कारण तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही थी। दोपहर के समय गर्म हवाओं और उमस के कारण लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया था। बाजारों और सड़कों पर भी लोगों की आवाजाही कम दिखाई दी। कई इलाकों में बिजली की खपत बढ़ने से कटौती की समस्या भी सामने आई। लोग पूरे दिन गर्मी से बेहाल नजर आए। शाम करीब साढ़े पांच बजे अचानक मौसम का मिजाज बदलना शुरू हुआ। देखते ही देखते आसमान में काले बादल छा गए और तेज धूल भरी हवाएं चलने लगीं। धूल भरी आंधी के कारण सड़कों पर वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कई स्थानों पर पेड़ों की टहनियां टूटकर गिर गईं। तेज हवाओं के कारण दुकानदारों को अपने सामान समेटने पड़े। कुछ देर बाद तेज बारिश शुरू हो गई। बारिश के साथ कई इलाकों में ओले भी गिरे।



महेंद्रगढ़। आसमान में छाई काली घटा। फोटो : हरिभूमि

**किसानों की चिंता बढ़ी**

ओलावृष्टि से खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि बारिश होने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई और लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली। बच्चे और युवा बारिश का आनंद लेते नजर आए। कई लोगों ने अपने घरों की छतों और गलियों में बारिश का मजा लिया। वहीं अचानक हुई बारिश से बिजली आपूर्ति भी कुछ समय के लिए बाधित रही। ग्रामीण क्षेत्रों में तेज हवा और ओलावृष्टि से किसानों की चिंता बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि यदि इसी तरह मौसम खराब रहा तो फसल और सब्जियों की फसलों को नुकसान हो सकता है।

**जिले का तापमान**

जिले में नारनौल में अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि यहां का रात्रि तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। इसी प्रकार महेंद्रगढ़ में दिन का तापमान 44.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ।

**खराब मौसम में बाहर न निकलें आमजन**

मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण मौसम में यह बदलाव देखने को मिला। विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान कुछ स्थानों पर तेज हवा, बारिश और गरज-चमक की संभावना जताई है। अचानक बदले मौसम ने भले ही जनजीवन को कुछ देर के लिए प्रभावित किया हो, लेकिन भीषण गर्मी से परेशान लोगों के लिए यह राहत भरी बारिश साबित हुई।

## युवकों पर लगाया पिता के अपहरण का आरोप

**नारनौल।** एक युवक ने कुछ लोगों पर उसके पिता का अपहरण कर मारपीट करने व एक लाख रुपये लूटने का आरोप लगाया है। साथ ही उसने निजामपुर थाना पुलिस पर भी आरोपितों का पक्ष लेने व शिकायत वापस लेने का दबाव बनाने के गंभीर आरोप लगाए हैं। मामले को लेकर युवक ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।

गांव ताजीपुर निवासी युवक ने शिकायत में बताया कि उसके पिता 19 मई को एक शोक सभा में शामिल होने जा रहे थे। इस दौरान वह अपने साथ एक लाख रुपये भी लेकर गए थे, जो उन्हें रिश्तेदारी में देने थे। आरोप है कि रास्ते में कुछ लोगों ने उन्हें रोक लिया और जबरदस्ती मोटरसाइकिल पर बैठाकर अपने साथ ले गए। आरोपितों ने कथित रूप से उनसे एक लाख रुपये छीन लिए तथा उनके साथ मारपीट की।

## रजिस्ट्रार सहकारी समितियां पंचकूला एवं उप-रजिस्ट्रार भिवानी ने भी लिया पैक्स गुढ़ा मामले में संज्ञान

**महेंद्रगढ़।** रजिस्ट्रार सहकारी समितियां पंचकूला के पैक्स गुढ़ा मामले में मिले आदेश के तहत उप-रजिस्ट्रार भिवानी ने 27 मई को आदेश जारी कर पैक्स गुढ़ा मामले का पूर्ण अवलोकन करने एवं आगामी आदेशों तक पैक्स में होने वाली बैठकों पर रोक लगाते हुए सहयक रजिस्ट्रार महेंद्रगढ़ को इन आदेशों की पालना करवाने के आदेश दिए हैं। गौरतलब है कि पैक्स गुढ़ा में गैर-कानूनी तरीके से हुए प्रधान एवं उपप्रधान चुनाव की शिकायत एवं अपील गुढ़ा के निदेशकों सत्यवीर सिंह उन्हाणी, लक्की राव सीगड़ा, सतीश लाटा झगड़ोली एवं महेश शर्मा गुढ़ा द्वारा उच्च अधिकारीयों को की हुई हैं। उसका अभी तक फैसला नहीं आया हैं। निदेशक लक्की राव सीगड़ा ने बताया कि रजिस्ट्रार एवं उप-रजिस्ट्रार न्यायालय के फैसले का इंतजार किए बिना ही सहयक रजिस्ट्रार महेंद्रगढ़ ने पद का दुरूपयोग करते हुए अपनी मनमानी के चलते गुढ़ा पैक्स की बैठक करवाने के आदेश दे दिए गए थे, जिस पर रजिस्ट्रार पंचकूला ने अपने आदेश देते हुए उप-रजिस्ट्रार भिवानी को पैक्स गुढ़ा के प्रधान एवं उपप्रधान चुनाव मामले की जांच करने के साथ-साथ अलग-अलग न्यायालय के रिकॉर्ड और पास किए गए आदेशों की जांच करने के बाद सहायक रजिस्ट्रार महेंद्रगढ़ को निर्देश देने के लिए कहा हैं।



रोचक
शिखर चंद जैन

# इन घरों को देखकर कहोगे OMG!

बच्चो, अधिकतर घर एक निश्चित शेप, साइज और डिजाइन में बने होते हैं। लेकिन तुम्हें जानकर अचरज होगा कि दुनिया में कुछ ऐसे अजब-अनोखे घर भी बनाए गए हैं, जिनको देखकर लोग हैरान रह जाते हैं। इनकी अजीबो-गरीब संरचना को देखने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। ऐसे ही कुछ बेहद अनूठे घरों के बारे में जानो।



### क्रेजी हाउस वियतनाम

**वियतनाम के** दा लाट में स्थित क्रेजी हाउस को कोई पहली बार देखे तो यह किसी हॉरर मूवी का हिस्सा लगता है। यह किसी विशाल डेड ट्री जैसा दिखता है। इस घर में सीधी लाइन में दीवारें या परफेक्ट एंगल वाले कॉर्नर नहीं हैं। इसमें सीढ़ियां गुफाओं जैसी लगती हैं और खिड़कियां मकड़ी के जालों जैसी। मजेदार बात यह है कि यहां के हर कमरे का नाम किसी जानवर के नाम पर रखा गया है, जैसे- टाइगर रूम, ईगल रूम आदि। वास्तुकार डेंग वियत नगा ने अपनी अनोखी कल्पना को साकार रूप देने के लिए इस क्रेजी हाउस का निर्माण किया था। *





### उल्टा घर पोलैंड

**पोलैंड के** सिजमबार्क में एक ऐसा घर मौजूद है, जिसे देखकर तुम अचरज में पड़ जाओगे। इस उल्टे घर यानी इनवर्स हाउस की छत जमीन पर और फर्श आसमान की ओर है। अटपटी बनावट के कारण इस घर के अंदर जाने पर लोगों को अकसर चक्कर आने लगते हैं क्योंकि उनका बैलेंस बिगड़ जाता है। मजे की बात यह है कि इस घर के अंदर फर्नीचर भी छत से उल्टा लटका रहता है। *

### क्यूब हाउस नीदरलैंड

**नीदरलैंड देश** के रॉटरडैम में ऐसे कई घर हैं, जिन्हें क्यूब हाउस कहा जाता है। इन घरों के ऊपरी सिरे पर 45 डिग्री के एंगल पर झुके हुए पीले रंग के क्यूब्स बने हैं। यहां का हर घर एक पेड़ का प्रतिनिधित्व करता है। इस तरह देखा जाए तो सारे घर मिलकर एक 'शहरी जंगल' बनाते हैं। घर के अंदर की दीवारें और खिड़कियां तिरछी बनी हैं, जिससे फर्नीचर सेट करना मुश्किल होता है। ये क्यूब हाउस बाहर से बहुत ही अट्रैक्टिव नजर आते हैं, जिन्हें देखने दूर-दूर से पर्यटक आते हैं। *



### हाउस एनए जापान

**जापान के** टोक्यो शहर में स्थित हाउस एनए, पूरी तरह कांच से बना है। यह पेड़ों की शाखाओं की तरह अलग-अलग प्लेटफॉर्म्स पर बना है। प्राचीन काल में जिस तरह इंसान, पेड़ों पर, खुले माहौल में रहते थे। आर्किटेक्ट सु फुजीमोटो इस घर में रहने वालों को कुछ उसी तरह का अनुभव देना चाहते थे। इसलिए उन्होंने ऐसा अनोखा घर बनाया। जापान में निजी घरों के अलावा, कई सार्वजनिक स्थलों पर भी इस तकनीक का उपयोग किया गया है। *



### ड्रिना रिवर हाउस सर्बिया

**सर्बिया देश** के बाजिना बास्ता में स्थित छोटा-सा लकड़ी का घर ड्रिना रिवर हाउस, 1968 से सर्बिया की ड्रिना नदी के बीच एक चट्टान पर टिका हुआ है। इसे कुछ तैराकों ने आराम करने के लिए बनाया था। हैरानी की बात यह है कि नदी में कई बार भयानक बाढ़ आई, लेकिन यह छोटा सा घर आज भी अडिग खड़ा है। यह घर दुनिया के सबसे शांत और अकेले घरों में से एक माना जाता है। *



### हॉबिट हाउस वेल्स

**यूरोपीय देश** वेल्स के पेमब्रोक शायर में स्थित हॉबिट हाउस, बिल्कुल वैसा ही दिखता है जैसा 'द लॉर्ड ऑफ द रिंग्स' फिल्म में दिखाया गया है। इसे साइमन डेल ने बनाया था। इस घर को तैयार करने में उन्होंने मिट्टी, पत्थर और लकड़ियों का इस्तेमाल किया। पूरी तरह से ईको-फ्रेंडली इस घर में बिजली के लिए सौर ऊर्जा का उपयोग किया जाता है। इस घर को बनाने में 3,000 पाउंड (लगभग 4 लाख रुपए) का खर्च आया था। *



### कासा डो पेनेडो पुर्तगाल

**पुर्तगाल में** स्थित कासा डो पेनेडो को 'पत्थर का घर' कहा जाता है क्योंकि यह चार बड़े प्राकृतिक ग्रेनाइट पत्थरों के बीच बना है। इसका निर्माण 1972 में एक फैमिली के हॉलिडे होम के रूप में किया गया था। इसमें बुलेटप्रूफ खिड़कियां और एक पत्थर का बना स्विमिंग पूल भी है। इस घर में बिजली का कनेक्शन नहीं है। अपने अनोखे डिजाइन और आस-पास के प्राकृतिक वातावरण के कारण देश-विदेश के पर्यटक इस घर को देखने आते हैं। *



छोटी कहानी
पावनी

मीनू और मोनू ने गर्मियों में कुछ नया करने की सोची। इसके लिए दोनों ने मां से कुछ पैसे भी मांगे। मां ने तुरंत वो पैसे निकाल कर दे दिए, जो उन्होंने मजेदार बचत करके जमा किए थे। आखिर मां की यह मजेदार बचत क्या थी?

# मजेदार बचत



एआई इमेज

गर्मी की छुट्टियां शुरू हो चुकी थीं। मीनू और मोनू इन छुट्टियों में कुछ नया सीखना चाहते थे। दोनों मां के पास आकर बोले, 'मां हमें कुछ नया करना है।'

मीनू-मोनू की बातें सुनकर मां बोलीं, 'वाह! बहुत अच्छा विचार है बच्चो। तुम दोनों इस बार गर्मी की छुट्टियों में कुछ न कुछ नया जरूर सीखो।'

'मगर मां, इसके लिए तो हमें कुछ एक्स्ट्रा पैसे चाहिए।' मीनू-मोनू एक साथ बोले। 'ओह, तो इसमें परेशानी की कौन-सी बात है। यह लो मजेदार बचत का गुल्लक। इसमें से ले लो रुपए।' मां ने एक गुल्लक लाकर उनके सामने रख दी।

'मजेदार बचत! अरे यह कैसी बचत है मां?' मीनू-मोनू को हैरानी हुई।

मां ने बताया, 'यह तुम दोनों की ही बचत है। यह बचत हमने इस तरह की है, तुम्हें मालूम ही नहीं पड़ा। याद करो, जब-जब तुम बाहर से समोसा, कचौरी वगैरह खाने की जिद करते थे, मैं घर पर ही बना देती थी। इस तरह कई बार हुआ। इससे काफी पैसे बच गए, जो मैंने गुल्लक में डाल दिए।'

मीनू-मोनू को मां की बातें सुनकर बड़ा अच्छा लगा। मां ने आगे भी बताया, 'इतना ही नहीं, तुम दोनों ने कितनी ही बार पानी की बचत की, बेवजह पानी नहीं बहने देते थे। बिजली की भी बचत की। प्रत्येक रविवार को तुम दोनों बाहर बैठकर पढ़ते थे। पानी भी जरूरत भर खर्च करते थे। इससे बिजली और पानी का बिल कम आया। उस बचत के रुपए भी मैं इसी गुल्लक में डाल देती थी। तो यह एक तरह से तुम दोनों की ही कमाई है बच्चो।' मां यह कहकर हंस दीं।

दोनों बच्चे पैसों से भरी गुल्लक देखते ही रह गए। मोनू बोला, 'अरे वाह मां। हमने इतनी बचत कर ली!'

मीनू और मोनू ने गुल्लक को तोड़कर रुपए गिने। मीनू खुशी से बोली, 'ओह, यह तो बहुत ही अधिक पैसे हैं मां। हमारा काम तो इससे कम पैसों में हो जाएगा।'

'तो ठीक है, जितने पैसे तुम दोनों को चाहिए, रख लो। जो बच जाएं, उसकी एक और गुल्लक बना लो।' मां बोलीं।

मीनू-मोनू दोनों उत्साहित स्वर में बोले, 'मां, हम जरूर गुल्लक बनाएंगे और मजेदार बचत करेंगे। हम हमेशा पानी और बिजली बचाएंगे, इसके अलावा जहां हम बचत कर सकते हैं, करेंगे।' 'मुझे तुम पर गर्व है बच्चो।' मां दोनों को गले लगाते हुए बोलीं। *

कविता / गोविंद भारद्वाज

# मेरी साइकिल !

सबको पीछे छोड़ घुमाती,
सरपट-सरपट दौड़ लगाती।
मेरी साइकिल...!
कच्चा हो या पक्का रस्ता,
साधन लगता सबको सस्ता।
रोज सुबह मैं पढ़ने जाता,
रखकर पीछे अपना बस्ता।
ट्रिन-ट्रिन का शोर मचाती,
सरपट-सरपट दौड़ लगाती।
मेरी साइकिल...!
पैडल मार मैं इसे चलाऊं,
गली-गली में रोज घुमाऊं।
सर्कस के जोकर के जैसे,
दो पहियों पर खूब नचाऊं।
हरदम मेरा साथ निभाती,
सरपट-सरपट दौड़ लगाती।
मेरी साइकिल...!
कभी न मांगे खर्चा-पानी,
कम न होती इसकी रवानी।
कसरत और जॉगिंग में तो,
अव्वल रहती सदा कहानी।
प्रदूषण से सबको बचाती,
सरपट-सरपट दौड़ लगाती।
मेरी साइकिल...!



# बूझो तो जानें



1. एक गुफा में बत्तीस चोर
सबके तन हैं श्वेत,
खाने वाली चीजों पर ये
जुटते हैं समवेत।



2. एक बक्से में चालीस चोर
सबका मुंह है काला,
पैर पकड़ जिसका भी रगड़ो
वो झट करे उजाला।

3. एक वृक्ष में बारह शाखें
बावन उनके होती आंखें,
तीन सौ पैंसठ जिसमें फूल
क्या कहलाए बोलो मूल?

-वसीम अहमद नगरामी

उत्तर: 1. दांत, 2. माचिस, 3. वर्ष

# जीके क्विज-207



1. हाल ही में भारत के किस शहर में हाइड्रोजन बस सेवा शुरू की गई है?
2. इंटरनेशनल बुकर लिटरेचर प्राइज 2026 के विजेता कौन बने हैं?
3. भारत के किस राज्य ने देश में सबसे पहले एआई मंत्रालय बनाया है?
4. अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कब मनाया जाता है?
5. ताज महल किस नदी के तट पर स्थित है?
6. पिछले दिनों किस पर्वतारोही ने 32वीं बार माउंट एवरेस्ट पर सफलतापूर्वक चढ़ाई करने का विश्व रिकॉर्ड बनाया?
7. भारत का पहला परमाणु ऊर्जा संयंत्र कहां स्थापित किया गया था?
8. इंसुलिन का प्रयोग किस बीमारी के उपचार में होता है?
9. विश्व का सबसे घना जंगल कौन-सा है?
10. सांची का स्तूप किस राज्य में स्थित हैं?



बच्चो, जीके क्विज-207 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-206 का उत्तर :** 1. सी. जोसेफ विजय, 2. क्रिस्टोफर कोलंबस, 3. फॉस्टिनो ऑरो, 4. 5 जून, 5. हर्षवर्धन, 6. रामकृष्ण परमहंस, 7. भारत रत्न, 8. प्रकाश संश्लेषण, 9. दादाभाई नौरोजी, 10. शुक्र

**जीके क्विज-206 का सही उत्तर देने वाले :** प्रीति-रायपुर, पूरब-बिलासपुर, गरिमा-गरियाबंद, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, जिया शिया-रायगढ़, वर्णिका-खैरागढ़, मोहनीश-गरियाबंद, तेजस-रोहतक, दिव्या-हिसार, संचित-महासमुंद

कहानी
डॉ. अलका जैन 'आराधना'



इन दिनों गर्मी की छुट्टियों में पिंकू देर तक सोता था। दादी ने कई बार उसे टोका कि सुबह उठकर ताजी हवा का आनंद लिया करे। पिंकू की आदत नहीं सुधरी। लेकिन कुछ समय बाद ही, एक नन्ही गिलहरी ने पिंकू की देर से उठने की आदत सुधार दी। बच्चो, है ना हैरान करने वाली बात!

# गिलहरी ने सुधारा पिंकू को



एआई इमेज

पिंकू के स्कूल में गर्मी की छुट्टियां चल रही थीं। वह आजकल देर तक सोता था। उसकी दादी उससे बार-बार कहतीं, 'सुबह जल्दी उठा करो। गर्मियों की सुबह बहुत सुहानी होती है। बाहर टहलने जाओ, ताजी हवा खाओ। सूरज सिर पर आने के बाद उठने से क्या फायदा?' जवाब में पिंकू दादी से यही कहता, 'दादी, आप भी ना! पूरे साल तो जल्दी उठकर स्कूल ही जाता हूं। कम से कम छुट्टियों में तो चैन से सोने दें।'

दादी उसे समझातीं, 'बेटा, तुम दिन में भी थोड़ा सो सकते हो। सुबह जब जल्दी उठकर पार्क में खेलने जाओगे तो तुम्हें बहुत अच्छा लगेगा, तुम स्वस्थ रहोगे।'

दादी की बातों का कोई असर पिंकू पर नहीं होता। वह रात को देर तक अपने पसंदीदा टीवी शोज देखता, सुबह दस बजे से पहले नहीं उठता। पिंकू को सोते समय शांति पसंद थी। वह अपना कमरा बंद करके, सभी पर्दे लगाकर सोता था, ताकि उसकी नींद में कोई रुकावट न आए। उसका देर से उठने का सिलसिला लगातार चल रहा था। एक दिन सुबह-सुबह हल्का-सा शोर सुनकर पिंकू की नींद टूट गई। यह आवाज घर के अंदर से नहीं आ रही थी। उसने गौर किया, बाहर लॉन की तरफ से उसकी खिड़की के शीशे पर कोई ठक-ठक कर रहा है। पिंकू एक बार तो डर गया। उसने पास ही रखी स्मार्ट वॉच को उठाकर टाइम देखा, सुबह के पांच बज रहे थे। उसे समझ में नहीं आया कि इतनी सुबह भला कौन आएगा? पिंकू फिर से सोने की कोशिश करने लगा। लेकिन यह क्या? ठक-ठक की आवाज आना तो बंद ही नहीं हुई। पिंकू की नींद पूरी तरह उचट गई। वह उठा और धीरे-धीरे कदम बढ़ाते हुए खिड़की के पास आया, पर्दा हटा कर देखा, उसे कोई नहीं दिखाई दिया। पिंकू फिर से बिस्तर पर आकर लेट गया। उसने फिर से सोने की कोशिश की। जैसे ही आंख लगी, फिर से खिड़की पर ठक-ठक होने लगी। पिंकू एक बार फिर खिड़की के पास गया और पर्दा हटाकर देखा, लेकिन इस बार भी उसे कोई नहीं दिखाई दिया। पिंकू वापस बिस्तर पर आकर लेट गया। थोड़ी ही देर में कुछ सोचकर वह उठा, वहीं खिड़की के पास की दीवार से सटकर खड़ा हो गया, जैसे ही आवाज आई, उसने खिड़की का पर्दा हटाकर जो देखा, देखकर दंग रह गया। एक नन्ही-सी गिलहरी खिड़की के कांच के पास आकर ठक-ठक कर रही थी। पिंकू को मन ही मन अपने पर हंसी आई, 'मैं बेकार ही डर रहा था।'

अब तो यह रोज का सिलसिला हो गया था। सुबह ठीक पांच बजे वही ठक-ठक की आवाज चालू हो जाती थी। पिंकू सो नहीं पाता। उसे ऐसा लगने लगा, मानो वह गिलहरी दादी की सहेली हो, दादी ने उसे जगाने की ट्रेनिंग दी है। एक दिन सुबह ठक-ठक की आवाज से परेशान होकर पिंकू उठा, उसने अपने स्लीपर पहने और बाहर लॉन में आ गया। लॉन में वही नन्ही गिलहरी उछल-कूद कर रही थी। बाहर दादी की चप्पलें नहीं रखी हुई थीं, मतलब दादी वॉक पर चली गई थीं। पिंकू की नजर गार्डन के फूल-पौधों पर पड़ी, वो मुरझाए से लग रहे थे। दादी रोज वॉक से लौटकर पौधों को पानी देती थीं। पिंकू ने एक पल कुछ सोचा, फिर वहां रखा हुआ पाइप नल में लगाया और पौधों को पानी देने लगा। एक गमले में उसने थोड़ा ज्यादा पानी भर दिया था। वह दूसरे गमले की तरफ बढ़ा ही था, नन्ही गिलहरी जाकर पानी भरे उस गमले से पानी पीने लगी। पिंकू को यह दृश्य बहुत प्यारा लगा। पिंकू ने गिलहरी से यों ही प्यार से पूछा, 'तुम मुझे सुबह जल्दी क्यों जगा देती हो?'

गिलहरी ने एक बार और पानी पिया और फुदकती हुई थोड़ा दूर चली गई। अगले दिन फिर उसी ठक-ठक की आवाज से पिंकू की आंख खुल गई। उसने जाकर पौधों को पानी दिया, नन्ही गिलहरी ने भी गमले में भरे पानी को पिया। पिंकू ने तभी देखा- गिलहरी के साथ-साथ पानी पीने चिड़िया भी आ गई है। 'अच्छा, तो नन्ही गिलहरी मुझे इसलिए जगाती है ताकि मैं समय पर पौधों को पानी दूं और उनकी प्यास भी बुझ जाए।' पिंकू ने मन ही मन सोचा।

अब तो पिंकू की नींद रोज सुबह पांच बजे अपने आप खुल जाती थी। वह पौधों को पानी देने के बाद नन्ही गिलहरी को 'गुड मॉर्निंग' कहकर अपनी साइकिल लेकर पार्क की ओर निकल जाता था, जहां उसके दोस्त पहले से ही खेल रहे होते थे। वहां वह थोड़ी देर अपने दोस्तों के साथ खेलता। देर से उठने की आदत की वजह से पिंकू सुबह जल्दी उठने के फायदे नहीं जानता था। लेकिन अब वह जान और समझ गया था। गिलहरी ने पिंकू की देर से उठने की आदत सुधार दी थी। पिंकू की इस बदली हुई आदत से दादी भी खुश थीं। *

तुम्हारे लिए नई किताब / शिव मोहन यादव

# अच्छी-अच्छी सीख देतीं रोचक कहानियां

बच्चों के प्रिय बाल साहित्यकार हैं गोविंद शर्मा। इनकी एक नई किताब आई है 'पानी में पैसा', जिसमें उनकी लिखी ग्यारह कहानियां संकलित हैं। इस किताब में नैतिकता, मानवता और पर्यावरण संरक्षण जैसे विविध विषयों पर प्रेरक कहानियां हैं। शीर्षक कहानी 'पानी में पैसा' नदी की स्वच्छता का गंभीर संदेश देती है। कहानी कहती है, प्रदूषण के कारण पानी में पैसा ही नहीं, आदमी भी नहीं दिखता। 'झबरू की समझ' एक वफादार कुत्ते की सूझबूझ की कहानी है, जो चोरों को पकड़ने में मदद करता है। 'देखिए और सीखिए' कहानी लालच ना करने और दूसरों का आदर करने की सीख देती है। कहानी 'घंटी तो बंधी थी' सीख देती है कि मोबाइल की लत में ऐसे भी न खोएं कि कोई बड़ा नुकसान हो जाए, किसी बड़े संकट में फंस जाएं। कहानी 'यह ताला भी खुलेगा' में शिक्षा के प्रति जिज्ञासा और लगन का सुंदर चित्रण है। 'बंदर की इंसानियत' कहानी दया-करुणा का पाठ पढ़ाती है। 'रंग मिल गए' और 'पहला दिन : शुभ दिन' जैसी कहानियां हमारे भीतर मेलजोल और सौहार्द की भावना विकसित करती है।




इस कहानी संग्रह की भाषा बोलचाल और बालमन के अनुकूल है। कहानियों में छोटे-छोटे वाक्यों का प्रयोग किया गया है, जिससे बच्चो तुम्हें ये कहानियां पढ़ने और समझने में आसानी होगी। संग्रह की कहानियां सीख देने के साथ, तुम्हारा मनोरंजन भी करती हैं। *

**किताब:** पानी में पैसा (कहानी संग्रह),
**लेखक:** गोविंद शर्मा, **मूल्य:** 150 रुपए,
**प्रकाशक:** साहित्यागार पब्लिकेशन, जयपुर

# अंतर बताओ

बच्चो, यहां फूलों के बाग की सैर करने आई नन्ही परी के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन दोनों चित्रों में छह अंतर हैं। तुम जल्दी से इन दोनों चित्रों में छह अंतर ढूंढ कर बताओ।



उत्तर: 1. परी की जादुई छड़ी में स्टार का कलर अलग है। 2. परी के बाएं पंख के अंदर की [illegible] हुई है। 3. परी के दाएं पैर के जूते का कलर अलग है। 4. परी के [illegible] का कलर बदला हुआ है। 5. नीचे जमीन पर [illegible] 6. [illegible]

# नाम पूरा करो

बच्चो, यहां दिए गए प्रत्येक चित्र के बगल में अंग्रेजी में उसका नाम भी लिखा गया है। प्रत्येक नाम का फर्स्ट लेटर मिसिंग है। तुम हर नाम के नीचे दिए गए सर्कल्स में से सही लेटर चुनकर इन नामों को पूरा करो।


___ueen
(q) (a) (c)


___ocket
(c) (r) (n)


___hip
(s) (c) (t)


___ree
(t) (g) (s)

**खबर संक्षेप**

### पंडित शंकरलाल के निधन पर जताया शोक

**नारनौल।** विधायक एवं पूर्व मंत्री ओमप्रकाश यादव ने व्यापार मंडल के पूर्व प्रधान वैद्य किशन वशिष्ठ के बहनोई पंडित शंकर लाल शर्मा सिरोही बहाली वाले के रामनगर कॉलोनी स्थित आवास पर पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विधायक ओमप्रकाश यादव ने कहा कि मनुष्य का संसार में आना और जाना प्रकृति का अटल नियम है, जो व्यक्ति इस संसार में आया है, उसका जाना भी निश्चित है। यह सब ईश्वर का विधान है।

### राजीव गांधी पंचायती राज प्रकोष्ठ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष बने सुरेंद्र

**नारनौल।** राजीव गांधी पंचायती राज प्रकोष्ठ कांग्रेस द्वारा हरियाणा में जिला अध्यक्षों की नई नियुक्तियों की घोषणा की गई है। इसी क्रम में महेंद्रगढ़ जिले की जिम्मेदारी नांगतिहाड़ी के पूर्व सरपंच सुरेन्द्र पाराशर को सौंपी गई है। सुरेन्द्र पाराशर ने हरियाणा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह, प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील पंवार तथा हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष का भी आभार व्यक्त किया।

### पूर्व डीआईजी के निधन पर केंद्रीय मंत्री ने जताया शोक

**कनीना।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के पूर्व डीआईजी राजेंद्र सिंह यादव के निधन से कनीना व आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर है। बीती 24 तारीख को हुए उनके निधन के बाद से ही उनके निवास स्थान पर सांत्वना देने वालों का तांता लगा हुआ है। वीरवार को केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, पूर्व विधायक सीताराम यादव, पूर्व मंत्री जगदीश यादव, राजस्थान सरकार के पूर्व मंत्री राजेंद्र यादव सहित कई दिग्गज नेताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। नेताओं ने कहा कि राजेंद्र सिंह यादव बेहद कर्तव्यनिष्ठ व मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे।

### सुंदरकांड पाठ के साथ आज लगेगा भंडारा

**नारनौल।** श्री मेहंदीपुर बालाजी मित्र मंडल के तत्वावधान में शुक्रवार रात को जलेबी वाली गली में सुंदरकांड पाठ किया जाएगा। संजय अग्रवाल ने बताया हर वर्ष की बात ही इस वर्ष की जलेबी गली के व्यापारियों की ओर से बालाजी महाराज का सुंदरकांड पाठ व भंडारा का आयोजन किया जाएगा। भंडारा 30 मई प्रातः 11 बजे से किया जाएगा।

## नाशी जीव प्रबंधन केंद्र फरीदाबाद व कृषि विभाग ने किया संयुक्त सर्वेक्षण

# कपास को बीमारियों से बचाने के लिए आधुनिक तकनीक अपनाएं किसान

**किसानों को कीटनाशकों के उपयोग की जानकारी प्रदान की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

कपास की फसल को शुरूआती दौर में ही हानिकारक कीटों व बीमारियों से सुरक्षित रखने के लिए किसानों को बीज उपचार, जैविक उपायों और आधुनिक तकनीक को अपनाना बेहद जरूरी है। इसी उद्देश्य के साथ भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के क्षेत्रीय एकीकृत नाशी जीव प्रबंधन केंद्र फरीदाबाद व जिला कृषि विभाग महेंद्रगढ़ के अधिकारियों ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में कपास की फसल का एक संयुक्त सर्वेक्षण किया। यह विशेष अभियान भारत सरकार के कृषि एवं कल्याण मंत्रालय के क्षेत्रीय हेड एवं उपनिदेशक डॉ. वंदना पांडेय के कुशल निर्देशन में चलाया गया। सर्वेक्षण के साथ जिले में एक विशेष किसान सभा का भी आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य किसानों को सुरक्षित व विवेकपूर्ण तरीके से कीटनाशकों का उपयोग करने और उन्नत तकनीकों के बारे में जागरूक करना था।



नारनौल। कपास की फसल का सर्वेक्षण करते कृषि विशेषज्ञ। फोटो : हरिभूमि

### कृषि विशेषज्ञों ने सलाह दी

किसान सभा के दौरान उपस्थित किसानों को कपास की फसल में लगने वाले विभिन्न कीटों व व्याधियों (बीमारियों) से निपटने के लिए यांत्रिक और बायो पेस्टीसाइड (जैविक कीटनाशक) उपायों की जानकारी दी गई। इस दौरान किसानों को बीज उपचार के लिए ट्राइकोडेर्मा विरिडी) नामक बायो पेस्टीसाइड भी वितरित किया गया। कृषि विशेषज्ञों ने सलाह दी कि किसान कपास की बुआई के समय बीज उपचार अवश्य करें, ताकि फसल को शुरूआती रोगों से बचाया जा सके। इसके अलावा फसल के शुरूआती दौर में कीटों की प्रभावी निगरानी और रोकथाम के लिए बुआई के 40 से 45 दिनों के बाद प्रति खेत में कम से कम चार फेरोमन ट्रैप और कपास के ल्योर का इस्तेमाल करने की भी विशेष सलाह दी। सर्वेक्षण व किसान सभा के दौरान किसानों को भारत सरकार की आधुनिक डिजिटल पहल राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली मोबाइल ऐप के बारे में प्रशिक्षित किया।

### ऐप से कर सकते हैं सटीक जानकारी प्राप्त

विशेषज्ञों ने बताया कि इस ऐप के माध्यम से किसान अपने खेत में लगने वाले कीटों और बीमारियों की तस्वीरें अपलोड करके विशेषज्ञों से तुरंत सटीक जानकारी और वैज्ञानिक सलाह प्राप्त कर सकते हैं। इस तकनीक के उपयोग से जहां एक ओर किसानों को समय पर समाधान मिलेगा, वहीं दूसरी ओर फसलों पर अनावश्यक और अत्यधिक केमिकल पेस्टीसाइड (रासायनिक कीटनाशकों) के छिड़काव पर भी रोक लगेगी, जिससे किसानों की लागत कम होगी और पर्यावरण व स्वास्थ्य सुरक्षित रहेगा। इस महत्वपूर्ण संयुक्त सर्वेक्षण व जागरूकता कार्यक्रम में जिला कृषि विभाग से कृषि अधिकारी डॉ. अजय यादव, डॉ. संदीप सांगवान, उप कृषि निदेशक कार्यालय से प्रतिनिधि डॉ. मनोज कुमार डाबला ने सक्रिय सहयोग दिया। वहीं भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग फरीदाबाद की ओर से सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी डॉ. केपी शर्मा व डॉ. सुरजीत बर्मन शामिल रहे। हरियाणा राज्य सरकार के जिला कृषि विभाग की तरफ से डॉ. कृष्ण कुमार, डॉ. विशु दत्त शर्मा सहित क्षेत्र के कई प्रगतिशील किसान भी उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**



### श्रीमद् भागवत कथा सुन भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

**महेंद्रगढ़।** गांव सिसोठ स्थित शक्तिपीठ मां भूरा भवानी मंदिर में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन कथा पंडाल भक्तिरस से सराबोर हो गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंदिर की महंत शक्तिनाथ महाराज ने आचार्य कपिल शास्त्री को पगड़ी पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मान के साथ किया। कथा व्यास आचार्य कपिल शास्त्री ने अपनी मधुर वाणी में शुकदेव मुनि महाराज के जन्म, राजा परीक्षित के जन्म एवं आत्मदेव ब्राह्मण की कथा का संगीतबद्ध वर्णन किया। कथा सुनकर पंडाल में उपस्थित सभी श्रद्धालु भक्तिमय हो उठे। कथा में पंडित अजय शास्त्री व सुशील शास्त्री ने अमृत वाणी से सहयोग किया, जबकि मनोज जांगड़ा ने हारमोनियम पर संगत दी।

### सुपरफास्ट व जनशताब्दी ट्रेनों के ठहराव की मांग



**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्रीय यात्रियों की सुविधा को लेकर दैनिक रेलयात्री जागरूक मंच ने अटेली रेलवे स्टेशन अधीक्षक को दो सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। मंच ने चंडीगढ़-बांद्रा सुपरफास्ट एक्सप्रेस और अजमेर-दिल्ली सराय रोहिल्ला जनशताब्दी एक्सप्रेस के अटेली स्टेशन पर ठहराव की मांग उठाई। मंच के अध्यक्ष अशोक कटारिया ने बताया कि गाड़ी संख्या 22451/52 चंडीगढ़-बांद्रा सुपरफास्ट एक्सप्रेस वर्तमान में सप्ताह में दो दिन चलती है और अटेली में इसका ठहराव नहीं है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के व्यापारी, छात्र और सेना के जवान बड़ी संख्या में मुंबई, सूरत और वडोदरा की ओर आवागमन करते हैं, लेकिन ठहराव न होने के कारण उन्हें नारनौल या रेवाड़ी जाना पड़ता है। मंच ने इस ट्रेन को प्रतिदिन चलाने और अटेली में कम से कम दो मिनट का ठहराव देने की मांग की।



### सात दिवसीय योग शिविर शुरू

**मंडी अटेली।** सर्व जातीय मंच के तत्वावधान में खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय अटेली के अंतर्गत आने वाले गांव धनुंदा में सात दिवसीय योग शिविर का भव्य शुभारंभ किया गया। शिविर के पहले ही दिन मोटापा, शुगर और ब्लड प्रेशर जैसी जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों से राहत पाने के लिए सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इस मौके पर अटेली मॉडल संस्कृति स्कूल के प्रिंसिपल राकेश कुमार और नगरपालिका चेयरमैन संजय गोयल विशेष रूप से उपस्थित रहे। मंच के संयोजक हेडमास्टर रामसिंह और उनकी टीम ने शिविर की व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संभाला।

### मारपीट का आरोपित गिरफ्तार

**नारनौल।** पुलिस ने मारपीट व तोड़फोड़ के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। वहीं दूसरी ओर घर से लापता हुए एक युवक को सकुशल ढूंढकर उसके परिवार से मिलाया है। पहले मामले के अनुसार शहर निवासी हिमांशु ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि 17 मई को मोतीनगर स्थित हैप्पी पीजी के पास दीक्षांत नामक युवक के साथ उसकी बहस हो गई थी। जिसकी रंजिश रखते हुए दीक्षांत ने अपने अन्य साथियों को बुला लिया। इन लोगों ने हिमांशु की गाड़ी के शीशे तोड़ दिए और लोहे की रॉड व डंडों से उस पर हमला कर दिया। हमलावरों ने मारपीट करते हुए उसकी वीडियो बनाई। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था।

### एमएससी भौतिक विज्ञान पाठ्यक्रम शुरू

**कनीना।** ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं को उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर उपलब्ध करवाने की दिशा में हरियाणा सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। उच्चतर शिक्षा विभाग ने ब्लॉक स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय उन्हाणी में शैक्षणिक सत्र 2026-27 से एमएससी भौतिक विज्ञान का नया पाठ्यक्रम शुरू किया गया है। इस नए कोर्स में कुल 30 सीटें स्वीकृत की गई हैं। जिसे लेकर छात्राओं व अभिभावकों ने संतुष्टि जताई है। यह सफलता हरियाणा सरकार में स्वास्थ्य मंत्री आरती राव के प्रयासों से मिली है।

### नई कार्यकारिणी ने विधायक को किया सम्मानित

**महेंद्रगढ़।** विधायक कंवर सिंह यादव के कार्यालय पर जिला जांगिड़ ब्राह्मण कल्याण सभा की नवनिर्मित छात्रावास की नवनियुक्त कार्यकारिणी ने विधायक को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया तथा उनका आभार व्यक्त किया। जिला रजिस्ट्रार के आदेशानुसार नियुक्त पर्यवेक्षक सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. सुशीला यादव की उपस्थिति में 25 अप्रैल को सर्वसम्मति से राजेश कुमार लावनिया को प्रधान चुना गया। इसके अलावा माता प्रसाद को उपप्रधान, मुंशीराम को सचिव, सुभाषचंद को कोषाध्यक्ष, बंशीधर को संरक्षक तथा मुकेश कुमार जांगिड़ को महामंत्री नियुक्त किया गया। विधायक कंवर सिंह यादव ने सभी पदाधिकारियों को माला पहनाकर स्वागत किया।

## भाजपा में मिलता है महिलाओं पूर्ण को सम्मान : अर्चना ठाकुर

- डॉ. अर्चना गुप्ता के प्रदेशाध्यक्ष बनने से महिला नेतृत्व को मिलेगी मजबूती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

महेंद्रगढ़। भारतीय जनता पार्टी ने हरियाणा संगठन में बड़ा बदलाव करते हुए डॉ. अर्चना गुप्ता को हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। जिला मंत्री महिला मोर्चा भाजपा डॉ. अर्चना ठाकुर ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि एकमात्र भाजपा पार्टी ही ऐसी पार्टी है, जिसमें महिलाओं को पूरा मान सम्मान दिया जाता है। आज यह बात सत्य हो रही है। उन्होंने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह द्वारा जारी आधिकारिक पत्र में इस नियुक्ति की घोषणा की गई। पत्र के अनुसार, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने डॉ. अर्चना गुप्ता को हरियाणा भाजपा का नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू मानी जाएगी। डॉ. अर्चना गुप्ता हरियाणा भाजपा की प्रमुख महिला नेताओं में गिनी जाती हैं। वे इससे पहले प्रदेश महामंत्री और पानीपत जिला अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण संगठनात्मक पदों पर कार्य कर चुकी हैं। उनकी नियुक्ति को हरियाणा भाजपा में महिला नेतृत्व को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। पत्र में कहा गया है कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने डॉ. अर्चना गुप्ता को भारतीय जनता पार्टी हरियाणा प्रदेश का अध्यक्ष नियुक्त किया है।



अर्चना ठाकुर।

## भाजपा ने फिर साबित किया परिवारवाद नहीं, कार्यकर्ता सर्वोपरि : पूर्व विधायक

- डॉ. अर्चना गुप्ता को हरियाणा का नया प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर जताया हर्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

भारतीय जनता पार्टी द्वारा डॉ. अर्चना गुप्ता को हरियाणा का नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। इस ऐतिहासिक निर्णय पर पूर्व विधायक सीताराम यादव ने गहरा हर्ष व्यक्त करते हुए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है। उन्होंने राष्ट्रीय नेतृत्व चुनाव प्रभारी नितिन नबीन मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर का धन्यवाद किया। पूर्व विधायक ने कहा कि भाजपा ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि यहां कोई परिवारवाद की राजनीति नहीं चलती। यह एकमात्र ऐसी पार्टी है जहां जमीनी स्तर के एक छोटे से कार्यकर्ता को भी उसके काम और निष्ठा के आधार पर शीर्ष नेतृत्व तक पहुंचाया जाता है। डॉ. अर्चना गुप्ता का सफर इस बात का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने पहले जिला अध्यक्ष, फिर प्रदेश महामंत्री और अब प्रदेश अध्यक्ष के रूप में अपनी काबिलियत को साबित किया है। पूर्व विधायक इस नियुक्ति से भाजपा ने महिला सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को भी धरातल पर उतारा है। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता सुगनचंद सैनी, सुरेशचंद शर्मा, अटेली व्यापार मंडल के अध्यक्ष रतनलाल गर्ग, नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन जतिन अग्रवाल, जगदीश शर्मा, राकेश अग्रवाल और मुरारीलाल वेद ने शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद किया है।



सीताराम यादव।

## सोमवीर ने रचा इतिहास, भारत सरकार में बने वैज्ञानिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

खंड सिहमा के युवा सोमवीर सवितोष ने भारत सरकार में वैज्ञानिक बनकर पूरे क्षेत्र और गांव का नाम रोशन किया है। सिहमा गांव के इतिहास में यह पहली बार है, जब किसी युवा ने वैज्ञानिक के रूप में इतनी बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इस सफलता से गांव में खुशी और गर्व का माहौल है। सोमवीर सवितोष एक साधारण किसान परिवार से संबंध रखते हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गांव सिहमा स्थित बाबा खेतानाथ विद्यालय से प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय हिसार से भौतिकी में एमएससी की डिग्री हासिल की। वर्तमान में वे आ ई आ ई टी जोधपुर के संयुक्त कार्यक्रम के तहत पीएचडी कर रहे हैं। वैज्ञानिक बनने से पूर्व सोमवीर करीब छह वर्षों तक मध्यप्रदेश शासन में भौतिकी के सहायक प्राध्यापक के पद पर कार्यरत रहे। उन्होंने अपनी कड़ी मेहनत और लगन के बल पर सीएसआईआर, यूजीसी-जेआरएफ, ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट, जॉइंट एंट्रेंस स्क्रीनिंग टेस्ट जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाएं उत्तीर्ण की तथा भौतिकी में ऑल इंडिया प्रथम रैंक प्राप्त की।



सोमवीर सवितोष।

## मुस्लिम समुदाय के लोगों ने धूमधाम से मनाया बकरीद, अमन व शांति की दुआ

**महेंद्रगढ़।** शहर के पंचमुखी मंदिर के पास ईदगाह में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बकरीद का पर्व धार्मिक आस्था, भाईचारे और उत्साह के साथ मनाया। सुबह से ही ईदगाह में नमाज अदा करने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी में पर्व को लेकर खास उत्साह देखने को मिला। लोगों ने नए कपड़े पहनकर एक-दूसरे को गले लगाया और ईद-उल-अजहा की मुबारकबाद दी। सुबह निर्धारित समय पर ईदगाह में इमाम मौलवी मुबारक हुसैन द्वारा विशेष नमाज अदा कराई गई। नमाज के बाद देश में अमन, शांति और खुशहाली की दुआ मांगी गई। धर्मगुरुओं ने अपने संदेश में लोगों को त्याग, बलिदान और मानवता की सेवा का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि बकरीद हमें आपसी भाईचारे और जरूरतमंदों की मदद करने की सीख देती है। नमाज के बाद लोगों ने परंपरा के अनुसार कुर्बानी की रस्म अदा की। इसके बाद घरों में विभिन्न प्रकार के पकवान बनाए गए। इस मौके पर मौलवी मुबारिक हुसैन, मंगतु खान, दिन मोहम्मद, यासिन, यमजान, किरोड़ी, बरकत अली, अल्ताफ, अनिफ, सलमान, हाजिब, रफिक आदि रहे।



महेंद्रगढ़। ईद की एक दूसरे को बधाई देते बच्चे। फोटो : हरिभूमि



मंडी अटेली। जामा मस्जिद में बकरीद की नमाज के बाद गले मिलते हुए।

## अटेली जामा मस्जिद में बकरीद पर नमाज अता कर दी मुबारकबाद

**मंडी अटेली।** अटेली जामा मस्जिद में वीरवार को सुबह पोने नौ बजे ईद की नमाज अता की गई। नमाज में अटेली क्षेत्र के अनेक गांवों के नमाजियों ने हिस्सा लिया। अटेली क्षेत्र से कांटी, भोजावास, कुंजपुरा, गुजरवास आदि गांवों से नमाज के लिए मुस्लिम धर्मावलंबी मस्जिद में आए। अटेली इमाम मोहम्मद शाबीर ने नमाज अता करवाई। मौलवी शाकिर हुसैन ने बताया कि मनुष्य को भाईचारे व शांति से रहना चाहिए। अटेली मस्जिद में नमाजियों ने एक दूसरे से गले मिल कर मुबारक बाद दी। मौलवी ने अमन-चैन व भाईचारे को स्थापित करने के लिए सभी धर्म के लोगों को मनुष्य के कल्याण के लिए मिल बैठकर आपसी सौहार्द से रहे। मुस्लिम धर्म के मानने वाले लोगों को हिंदू धर्म के लोगों ने भी गले लगा कर मुबारकबाद दी।

### अटेली में ग्रामीण सफाई कर्मचारियों का प्रदर्शन आज

(मंडी अटेली) : ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन हरियाणा एआईयूटीयूसी के बैनर तले 29 मई को अटेली मण्डी में जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा। यह प्रदर्शन हरियाणा सरकार की स्वास्थ्य मंत्री कार्यालय के बाहर सुबह 10 बजे आयोजित होगा।

## नालंदा इंस्टीट्यूट में वीर सावरकर जयंती समारोह में बताई देश की तरक्की की राह

# युवा ही विकसित भारत के सपने की सबसे बड़ी शक्ति: विधायक

*कार्यक्रम में संयोजक की भूमिका बीएमडी फाउंडेशन चेयरमैन लक्की राव सीगड़ा ने निभाई*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

माय भारत केंद्र युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में तथा बीएमडी फाउंडेशन महेंद्रगढ़ के सहयोग से नालंदा इंस्टीट्यूट में वीर सावरकर जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में युवाओं को राष्ट्रभक्ति, सामाजिक जागरूकता एवं नेतृत्व के प्रति प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि विधायक कंवर सिंह यादव उपस्थित रहे एवं विशिष्ठ अतिथि एडवोकेट रेखा यादव एवं नालन्दा इंस्टिट्यूट डायरेक्टर राजदीप यादव रहे। कार्यक्रम संयोजक की भूमिका बीएमडी फाउंडेशन चेयरमैन लक्की राव सीगड़ा ने निभाई। कार्यक्रम की शुरुआत वीर सावरकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके पश्चात युवाओं ने वीर सावरकर के जीवन, विचारों एवं राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर अपने विचार प्रस्तुत किए। मुख्यातिथि विधायक कंवर सिंह यादव ने कहा कि वीर सावरकर का जीवन संघर्ष, त्याग और राष्ट्रभक्ति का अद्भुत उदाहरण है।



महेंद्रगढ़। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### वीर सावरकर के विचार देश हितकारी

विधायक कंवर सिंह यादव ने युवाओं से आह्वान किया कि वे देशहित को सर्वोपरि रखते हुए समाज सेवा, शिक्षा और राष्ट्र निर्माण की गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लें। उन्होंने कहा कि माय भारत लगातार युवाओं के लिए विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक, खेल एवं जागरूकता गतिविधियां आयोजित कर रहा है। युवाओं को अपने गांवों में युवा क्लब बनाकर गांव की समस्याओं और मुद्दों को आगे लाना चाहिए तथा समाज सुधार और विकास कार्यों में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज का युवा ही विकसित भारत 2047 के सपने को साकार करने की सबसे बड़ी शक्ति है। विशिष्ठ अतिथि एडवोकेट रेखा यादव कहा कि युवाओं को महापुरुषों की जीवनी को पढ़कर प्रेरणा लेते हुए आगे बढ़ना चाहिए। समाज के विकास में हम सभी को अपना योगदान देना चाहिए। वीर सावरकर के विचार आज भी युवाओं में राष्ट्रभक्ति, आत्मविश्वास और समाज सेवा की भावना जागृत करते हैं। साथ ही युवाओं से अपील की कि वे माय भारत से ऑनलाइन जुड़कर राष्ट्र निर्माण की इस मुहिम का हिस्सा बनें।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं, विद्यार्थियों एवं गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। अंत में सभी अतिथियों का सम्मान किया गया तथा राष्ट्रहित में मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया गया।इस अवसर पर हिमांशु, रविन्द्र, रवि, अमित कुमार, मुकेश, इंद्रपाल यादव, आदिति, नेहा, साहिल, गौरव, निखिल, दीपक, राहुल, सरिता, राजीव, पूजा, नेहा सहित अन्य युवा उपस्थित थे।

**सहायक कलेक्टर प्रथम श्रेणी, नांगल चौधरी**

संजीव कुमार बनाम ईश्वर सिंह आदि वाका बूढवाल मुनादी

संजीव कुमार पुत्र बुधि देवी पुत्री देवीसहाय वासी बूढवाल तहसील नांगल चौधरी जिला महेन्द्रगढ हरियाणा ......सायल

बनाम

1 ईश्वर सिंह पुत्र श्यामलाल पुत्र चुन्ना 2 अनूप सिंह पुत्र श्यामलाल पुत्र चुन्ना 3 मयंक पुत्र व 4 पुजा देवी विधवा व 5 फूली देवी माता स्व. राजेंद्र पुत्र सुलतान 6 धर्मवीर पुत्र सुलतान पुत्र चुन्ना 7 सुलतान पु.त्र चुन्ना पुत्र मामराज 8शांति देवी पत्नी रामानंद पुत्र फूलचंद 9 महेंद्र पुत्र भगवाना पुत्र भोला 10 अशोक पुत्र व 11 मधुमती 12 पूनम 13 सोनू 14 पूजा पुत्रीयान व 15 दयाकौर विधवा लीलाराम पुत्र दाताराम 16 श्रीचंद 17 शुभराम पुत्र दाताराम पुत्र डालू व मृतक राजकुमार बजरिए 18ए दीपक 18बी लक्ष्य पुत्रान व 18 सी पूजा पुत्री व 18 डी मंजू देवी विधवा राजकुमार पुत्र टेकचंद व 19अशोक कुमार पुत्र सुलतान सिंह पुत्र श्योदान निवास. गण बूढवाल तहसील नांगल चौधरी जिला महेंद्रगढ हरियाणा।

मदायलान

दरखास्त तकसीम बाबत आराजी जेर खेवट नंबर 248 खतोनी नंबर 309 किता 14 तादादी रकबा 84 कनाल 11 मरला वाका मोजा बूढवाल तहसील नांगल चौधरी मुन्दजा जमाबंदी साल 2020 21 बरूए इन्तकाल नंबर 2125, 2258, 2280

उपरोक्त अनुवान केश तक्सीम इस न्यायालय में विचाराधीन है उक्त दरखास्त में प्रतिवादी की इतला साधारण सम्मन व रजिस्टर्ड डाक द्वारा ना हो सकती है। अतः प्रतिवादी को इस विज्ञापन के द्वारा सूचित किया जाता है कि मुक. दमा तकसीम में अपने पैरवी बारे 11.06.2026 को प्रातः 10 बजे असालतन व वकालतन इस न्यायालय में उपस्थित होकर केश की पैरवी करें, अन्यथा प्रतिवादीगण के खिलाफ एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाकर इस मुकदमा का फैसला गुणदोष के आधार पर किया जावेगा। आज दिनांक 15.05.2026 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी किया जाएगा।

**तहसीलदार एवं सहायक कलैक्टर प्रथम श्रेणी, नांगल चौधरी**

**सहायक कलेक्टर प्रथम श्रेणी, नांगल चौधरी**

संजीव कुमार बनाम ईश्वर सिंह आदि वाका बूढवाल मुनादी

संजीव कुमार पुत्र बुधी देवी पुत्री देवीलाल निवासी बुडलान तहसील नांगल चौधरी जिला महेन्द्रगढ हरियाणा

सायल

बनाम

ईश्वर सिंह पुत्र रामपाल पुत्र चुना 2. अनुपसिंह पुत्र रामपाल पुत्र चुना 3. राजेश पुत्र रामपाल पुत्र चुना 4. अनिल रामपाल की पत्नी बहनो बुडलान पुत्र प्रेमी लाल 5. शुभमाल पुत्र रामपाल पुत्र चुना 6. सोमनाथ पुत्र वीरपाल 7. मनोजी फुलेली देवी विधवा चुना पुत्र मौजीराम 8. सुरताना पुत्र चुना पुत्र मामराज 9. श्रीमती शान्तिदेवी पत्नी रामनारायण पुत्र फूलचन्द 9. महेन्द्र पुत्र भगवान पुत्र मीमा 10. ओमप्रकाश पुत्र व 11. सुरेन्द्र पुत्र 12 पुत्र चुना 13. सीमा 14. पूजा धर्मपाल व 15. दीपक निवासी लालसौर पुत्र दौलत राम वगैरह मौजा मेहन्दर 16। अमित कुमार पुत्र व 16ठ. अर्जुन पुत्र व 16ऌ मुन्ना निवासी मेहन्दर पुत्र राननारायण व 17. राजेश कुमार 18. संदीप कुमार निवासी गांव मेहन्दर 19. श्रीमती पूजा पत्नी पुत्र रतन पुत्र डवरपुर पुत्र रामपाल पुत्र याद व पुत्र रामचन्द्र वगैरह निवासी पालिया 21ए दीपा 21बी लक्ष्मण पुत्र व 21सी पूजा पुत्री व 21डी मन्नू पुत्री निवासी राजगढ़ पुत्र देवक. रन व 22. मक्कन पुत्र व 23. श्रीमती पूजा देवी विधवा व 24. श्रीमती फुलेली देवी माता स्व. राजेन्द्र पुत्र रतनलाल 25. धर्मपाल पुत्र रामपाल पुत्र चुना 26. अशोक कुमार पुत्र सुल्तान सिंह पुत्र खेपतान निवासीगण बुडलान तहसील नांगल चौधरी जिला महेन्द्रगढ़ हरियाणा

मुदायलान

तथ्य यह दर्शित बयान आज्ञा गैर खेवट नम्बर 247 खतोनी नम्बर 308 किता 37 तायदाद रकबा 170 कनाल 2 मरला वाका रखा मौजा खुडवाल तहसील नांगल चौधरी मुरबा जमबंदी साल 2020–21 व हिस्से रकबा नम्बर 2125, 2258, 2280,

उपरोक्त अनुसार केंप किसी इस न्यायालय में विच. राधीन है, उक्त दरखास्त में प्रतिवादी की इतला साधारण सम्मन व रजिस्टर्ड डाक द्वारा ना हो सकी है। अतः प्रतिवादी को इस विज्ञापन के द्वारा सूचित किया जाता है कि मुकदमा तकसीम अपने पैरवी बारे 11.06.2026 के प्रातः 10 बजे अदालत न या वकालतन इस न्यायालय में उपस्थित होकर केस की पैरवी करें, अन्यथा प्रतिवादीगण के विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही अमल में लाई जाकर, इस मुकदमे का फैसला गुणदोष के आधार पर किया जावेगा। आज दिनांक 15.05.2026 के हमारे हस्ताक्षर व मोहर अदालत जारी किया गया।

**तहसीलदार एवं सहायक कलैक्टर प्रथम श्रेणी, नांगल चौधरी**

## खबर संक्षेप



### ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाला गिरफ्तार

**नारनौल।** सीआईए ने गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक युवक को मोबाइल फोन के माध्यम से ऑनलाइन सट्टा खिलाते हुए गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि सीआईए गांव रघुनाथपुरा के पास गश्त पर मौजूद थी। इसी दौरान टीम को गुप्त सूचना मिली कि गहली हाईवे रोड के पास स्थित होटल के एक कमरे में एक युवक बैठकर अपने मोबाइल पर ऑनलाइन सट्टा खाईवाली का अवैध धंधा कर रहा है। पुलिस टीम ने तुरंत उक्त होटल पर छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने कमरे में मौजूद एक युवक को काबू किया, जो उस समय अपने मोबाइल फोन पर सट्टे के नंबरों को लेकर बातचीत कर रहा था।

### बंद मकान से लाखों रुपये व आभूषण चोरी

**नारनौल।** शहर में चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाकर लाखों रुपये की नकदी व सोने-चांदी के आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया। घटना शहर थाना क्षेत्र के पुरानी मंडी स्थित सीआईए रोड की है। पीड़ित पुष्पेंद्र पुत्र अनुप सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने गांव नोलायजा गया हुआ था और बीते कल ही वह अपने घर वापस लौटा। घर पहुंचने पर उसे चोरी की वारदात का पता चला। पीड़ित के अनुसार चोर घर से तीन सोने की अंगूठियां, एक चांदी की अंगूठी, एक जोड़ी पाजेब, एक सोने की चेन, एक मंगलसूत्र व दो सोने के कड़े चोरी कर ले गए। इसके अलावा घर में रखी करीब 1.50 लाख रुपये की नकदी भी गायब मिली। चोरों ने वारदात को अंजाम देने के बाद घर में लगे कैमरे भी तोड़ दिए और डीवीआर के साथ वाईफाई सिम भी अपने साथ ले गए। शिकायत पर थाना शहर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**अटेली में दो साल से ट्रांसफार्मर बैंक तो है, पर ट्राली, लोडिंग व अनलोडिंग की सुविधा नहीं**

# भयंकर गर्मी के मौसम में जले ट्रांसफार्मर बदलना बिजली निगम के लिए बना आफत

- मई में करीब 15 से 20 ट्रांसफार्मर जल चुके है। इन ट्रांसफार्मर को बदलने के लिए अटेली सब डिविजन में कोई सुविधा नहीं है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

इन दिनों गर्मी का उच्चत्तम तापमान बना हुआ है। ऐसे में हर घर में बिजली के उपभोक्ता अपने स्वीकृत लोड से अधिक लोड चला रहे हैं, जिससे आए दिन बिजली निगम के ट्रांसफार्मर को क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। अटेली में दो साल से ट्रांसफार्मर बैंक तो स्थापित कर दिया, लेकिन निगम द्वारा ट्रांसफार्मर ट्राली ट्रांसफार्मर लोडिंग व अनलोडिंग की यंत्र मुहैया नहीं कराए गए हैं।

गौर हो कि तापमान लगातार बढ़ रहा है। पिछले तीन दिनों में तो 44 से 46 डिग्री के आसपास होने से बिजली आपूर्ति की मांग बढ़ी हुई है, जिसको पूरा करने के लिए निगम के कर्मचारियों को भीषण गर्मी में अपनी जान जोखिम में डालकर भी उपभोक्ताओं की बढ़ी हुई मांग को पूरा कर रहे है। भंयकर गर्मी के मौसम में जले ट्रांसफार्मर बदलना बिजली निगम के लिए बना आफत बना हुआ है। जानकारी के अनुसार मई माह में करीब 15 से 20 ट्रांसफार्मर जल चुके है। इन जले हुए ट्रांसफार्मर को बदलने के लिए अटेली सब डिविजन में कोई विशेष सुविधा नहीं है। अटेली उपमंडल कार्यालय के अंतर्गत करीब 46 गांव आते है तथा करीब 26 हजार बिजली उपभोक्ता है।

उपमंडल के अंतर्गत करीब दो हजार हजार ट्रांसफार्मर है, जो आए दिन जलते रहते है, जिसमें से जले हुए ट्रांसफार्मर को उतारने व चढ़ाने के लोड आदि की सुविधा नहीं है। नाम न छापने की शर्त पर अटेली सब डिवीजन के कर्मियों ने बताया कि जड़े हुए ट्रांसफार्मरों के लिए कोई लोडिंग व अनलोडिंग की सुविधा नहीं है। जले हुए ट्रांसफार्मर को उतारने के लिए लोरिंग मशीन के अतिरिक्त चेन कूपी की जरूरत पड़ती है।

अगर निगम के पास स्वयं की लोडिंग व अनलोडिंग करने की सुविधा हो तो उपभोक्ताओं को समय बिजली समय पर बिजली आपूर्ति हो सकती है। बिजली उपभोक्ताओं की निगम के शीर्ष अधिकारियों से मांग है कि अटेली सब डिवीजन में ट्रांसफार्मर लोडिंग वअनलोडिंग की सुविधा मुहैया करवाई जाए। जले ट्रांसफार्मर को ठीक करने वाले के लिए निगम की प्राइवेट का सहारा लेना पड़ता है। इसमें खराब ट्रांसफार्मर को ठीक करने में देरी होती है तथा उपभोक्ताओं को बिजली कट का सामना करना पड़ता है।

**यह कहते हैं अधिकारी**

इस बारे में निगम के शीर्ष अधिकारियों को अवगत कराया हुआ है। बिना मशीन के कर्मचारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। निगम नारनौल व दूसरे स्थानों पर ट्राली या लोडिंग अनलोडिंग मशीन के माध्यम से जले ट्रांसफार्मरों को ठीक करता है। अटेली बिजली निगम अपने तकनीकी कर्मियों के बदौलत बेहतर बिजली मुहैया करवा रहा है। —**दीपक कुमार,** एसडीओ, बिजली निगम, अटेली।

**श्यामपुर फीडर 'म्हारा गांव-जगमग गांव' योजना से जुड़ा**

# सतनाली क्षेत्र के 4 गांवों को मिली 24 घंटे बिजली आपूर्ति की सौगात

**खास बातें**

- भीषण गर्मी में ग्रामीणों को बड़ी राहत, महेंद्रगढ़ जिला 24 घंटे बिजली आपूर्ति के लक्ष्य के करीब
- डीएम और कमिश्नर्स के प्रयास एसीआर में होंगे दर्ज

राजकुमार ▶▶ नारनौल

भीषण गर्मी के बीच महेंद्रगढ़ जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम (डीएचबीवीएन) लगातार जिले के गांवों को 24 घंटे बिजली आपूर्ति से जोड़ने की दिशा में तेजी से कार्य कर रहा है। इसी कड़ी में सतनाली क्षेत्र के श्यामपुर 11 केवी फीडर को अब 24 घंटे बिजली आपूर्ति योजना से जोड़ दिया गया है। इससे क्षेत्र के चार गांवों श्यामपुरा, जड़वा, बासड़ी तथा जड़वा की ढाणी को सीधा लाभ मिलेगा।

बिजली निगम की इस उपलब्धि के साथ ही महेंद्रगढ़ जिला अब 24 घंटे बिजली आपूर्ति के अंतिम चरण में पहुंच गया है। जिले के कुल 379 गांवों में से 374 गांवों को 'म्हारा गांव-जगमग गांव' योजना के तहत शामिल किए जा चुके हैं। अब केवल सतनाली क्षेत्र का नांवा फीडर ही शेष बचा है, जिसके अंतर्गत पांच गांव आते हैं। निगम अधिकारियों का कहना है कि इस फीडर पर भी तेजी से कार्य चल रहा है और जल्द ही इसे भी 24 घंटे बिजली आपूर्ति से जोड़ दिया जाएगा।



नारनौल। पॉवर हाउस। फोटो : हरिभूमि

**नवंबर 2025 में भेजा गया था प्रस्ताव**

जानकारी के अनुसार श्यामपुरा फीडर को 24 घंटे बिजली आपूर्ति योजना में शामिल करने के लिए बिजली निगम ने नवंबर 2025 में सरकार को प्रस्ताव भेजा था। सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद अब इस फीडर को योजना में शामिल कर लिया गया है। इस निर्णय के बाद संबंधित गांवों के लोगों को गर्मी के मौसम में बड़ी राहत मिलेगी। ग्रामीण क्षेत्रों में लंबे समय से लगातार बिजली आपूर्ति की मांग उठती रही है, खासकर गर्मी के मौसम में जब तापमान 45 डिग्री के आसपास पहुंच जाता है। ऐसे में 24 घंटे बिजली उपलब्ध होने से लोगों को न केवल घरेलू सुविधा मिलेगी, बल्कि किसानों, विद्यार्थियों और लघु कुटीर उद्योगों को भी फायदा होगा।

**जिले ने बनाया नया रिकॉर्ड**

महेंद्रगढ़ जिला अब हरियाणा के उन चुनिंदा जिलों में शामिल हो गया है, जहां लगभग सभी गांव 24 घंटे बिजली आपूर्ति से जुड़ चुके हैं। बिजली निगम के अनुसार जिले के 379 गांवों में से 374 गांवों को योजना में शामिल कर लिया जाना अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। गौरतलब है कि महेंद्रगढ़ जिले में सबसे पहले 14 मार्च 2016 को देवराली पिल्लर बॉक्स को 24 घंटे बिजली आपूर्ति योजना से जोड़ा गया था। इसके बाद लगातार चरणबद्ध तरीके से गांवों को योजना में शामिल किया जाता रहा। अब करीब एक दशक बाद जिला इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य को लगभग हासिल करने की स्थिति में पहुंच चुका है।

**योजना में शामिल होने की यह है शर्त**

हरियाणा सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था सुधारने के उद्देश्य से एक जुलाई 2015 को 'म्हारा गांव-जगमग गांव' योजना शुरू की थी। 'म्हारा गांव-जगमग गांव' योजना में वही गांव शामिल किए जाते हैं, जहां के लोग 90 प्रतिशत से अधिक बिजली बिल का भुगतान करते हों तथा बिजली चोरी रोकने में सहयोग करते हों। सरकार का मानना है कि उपभोक्ताओं की भागीदारी से ही बिजली व्यवस्था को मजबूत और टिकाऊ बनाया जा सकता है।

**नांवा फीडर के ये गांव अभी बाकी :** सतनाली क्षेत्र का नांवा फीडर अभी 24 घंटे बिजली आपूर्ति योजना से जुड़ना बाकी है। बिजली निगम का दावा है कि इन गांवों को भी जल्द योजना में शामिल कर लिया जाएगा। इस फीडर के अधीन पांच गांव नांवा, बीरसिंह का बास, ढाणी भालोठिया, सोहड़ी व मंढियाली आते हैं।

**यह कहते हैं अधिकारी**



श्यामपुरा फीडर पर 24 घंटे बिजली आपूर्ति शुरू होने से ग्रामीणों को सीधा लाभ मिलेगा। जिला अब इस योजना के अंतिम चरण में पहुंच चुका है और केवल एक फीडर नांवां बचा है, जिसे भी 15 जून तक पूरा कर लेने का लक्ष्य रखा गया है। निगम का लक्ष्य है कि महेंद्रगढ़ जिले के सभी गांवों को शीघ्र ही पूरी तरह 24 घंटे बिजली आपूर्ति से जोड़ दिया जाए।
—**जोगेंद्र सिंह हुड्डा,** अधीक्षण अभियंता (एसई) दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम, नारनौल।

## न्यूज डायरी



### बसपा ने की अटेली में खेल स्टेडियम बनाने की मांग

**नारनौल।** बहुजन समाज पार्टी के नेता अतरलाल एडवोकेट ने प्रदेश सरकार से अटेली विधानसभा क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बहुउद्देशीय खेल स्टेडियम बनाने की मांग की है। अतरलाल ने उक्त मांग खैराणा गांव में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों द्वारा इलाके में खेल स्टेडियम न होने का मुद्दा उठाए जाने पर उनकी मांग का समर्थन करते हुए उठाई। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने शिकायत की कि इलाके में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बड़ा खेल स्टेडियम न होने के कारण युवाओं को खेल प्रतिस्पर्धाओं का प्रशिक्षण नहीं मिल रहा है। उन्हें प्रैक्टिस करने में परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होंने कहा खेल सुविधाओं के अभाव में इलाका खेलों के क्षेत्र में पिछड़ता जा रहा है। उन्होंने बसपा नेता अतरलाल से इलाके में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का खेल स्टेडियम बनवाने की मांग की। अतरलाल ने ग्रामीणों की मांग का समर्थन करते हुए कहा कि इलाके के खिलाड़ियों को बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बहुउद्देशीय खेल स्टेडियम बहुत जरूरी है। इसलिए सरकार को तत्काल इस और ध्यान देकर अटेली के युवाओं की मांग पूरी करनी चाहिए। इस मौके पर प्रधान दानसिंह प्रजापत, शेरसिंह यादव, भागसिंह चेयरमैन, कैलाश सेठ, पवन, रोहताश, हरिसिंह, महावीर, सुबेसिंह, सुरेन्द्र, कृष्ण, धर्मबीर, प्रदीप, कमलजीत, महावीर, मोनू, गोविंद सिंह, बिरेन्द्र आदि रहे।



### पीटीएम में अभिभावकों ने दिखाया उत्साह

**नारनौल।** हुडा स्थित सीएल पब्लिक स्कूल में पीटीएम का आयोजन किया गया। जिसमें अभिभावको में बच्चों के यूनिट टेस्ट, फाउंडेशन टेस्ट व स्कूल स्तर पर होने वाले ओलंपियाड टेस्ट के परिणाम जानने के लेकर उत्सुकता दिखाई दी। पीटीएम का मुख्य उद्देश्य शिक्षक व अभिभावकों का एक साथ छात्र के प्रदर्शन पर चर्चा करना तथा बच्चे के सीखने के अनुभव को और अच्छा करना व कमियों को दूर करने के तरीके खोजना था। शिक्षकों ने अभिभावकों को परीक्षा के दौरान उनके बच्चों के प्रदर्शन के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर सुझाव पेटी भी रखी गई, जिसमें बच्चों के साथ आए अभिभावकों ने अपने सुझाव दिए। प्राचार्य रविन्द्र सिंह ने बताया कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य माता पिता को बच्चों के प्रति जगरूक करना व बच्चें की प्रत्येक क्रियाकलाप की जानकारी देना है, ताकि बच्चे व उनके अभिभावक उनकी प्रगति में अध्यापकों का सहयोग कर सकें।



### विधायक ने की पूर्व शिक्षामंत्री से मुलाकात

**नारनौल।** विधानसभा क्षेत्र से लगातार तीसरी बार विधायक एवं पूर्व मंत्री ओमप्रकाश यादव ने पंचकूला स्थित आवास पर पहुंचकर हरियाणा भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व शिक्षामंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा का हालचाल जाना तथा उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। विधायक ओमप्रकाश यादव ने प्रो. रामबिलास शर्मा से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। इस अवसर पर ने कहा कि प्रो. रामबिलास शर्मा ने अपने लंबे राजनीतिक जीवन में सक्रिय रहते हुए हरियाणा के विकास, शिक्षा सुधार व भाजपा संगठन को मजबूती प्रदान करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि प्रो. रामबिलास शर्मा का लंबा राजनीतिक अनुभव, उनकी कार्यशैली व भाजपा के प्रति उनका समर्पण हमेशा प्रेरणास्रोत रहा है। इस दौरान प्रदेश की राजनीति, संगठन, विकास कार्यों व विभिन्न जनहित के मुद्दों पर भी विचार विमर्श किया गया।



कनीना। स्वयंसेवकों को रवाना करती प्राचार्य व अन्य। फोटो : हरिभूमि

# शिविर में भाग लेने के लिए स्वयंसेवक रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना

सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में हिस्सा लेने के लिए एसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल ककराला के विद्यार्थी वीरवार को रवाना हो गए। यह शिविर डीएवी स्कूल नारनौल में आयोजित किया जाएगा। जिसमें एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता अभियान, सामाजिक जागरूकता रैली, योग, पर्यावरण संरक्षण, रक्तदान जागरूकता तथा विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता की जाएगी। शिविर में भागीदारी लेने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. शिप्रा सारस्वत ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

विद्यालय के एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों देवव्रत यादव व धनराज के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने अनुशासन, सेवा भावना एवं टीमवर्क का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

**विद्यार्थियों को किया जाएगा जागरूक**

शिविर के दौरान विद्यार्थियों को समाजसेवा, नेतृत्व क्षमता व राष्ट्र निर्माण के प्रति जागरूक किया जाएगा। प्रधानाचार्या डॉ. शिप्रा सारस्वत ने विद्यार्थियों व कार्यक्रम अधिकारियों से कहा कि ऐसे शिविर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं। चेयरमैन जगदेव यादव ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं में सेवा, सहयोग व देशभक्ति की भावना को मजबूत बनाती है। इस मौके पर प्रबंधन समिति के वरिष्ठ सदस्य राजेन्द्र सिंह, ओमप्रकाश यादव, सीईओ आरएस यादव, डिप्टी डायरेक्टर पूर्णसिंह, कोऑर्डिनेटर स्नेहलता आदि उपस्थित थे।

# थनवास में बहाल हुई कैनाल बेस्ड पेयजल सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी

करीब 15 दिन बाद थनवास में कैनाल बेस्ड पेयजल सप्लाई बहाल हो गई है। विभाग के कनिष्ठ अभियंता गोविंद हुड्डा की निगरानी में घरेलू नलकूपों में पानी छोड़ा गया, जिससे महिलाओं को राहत मिली है। साथ ही विभागीय अधिकारियों ने वाटर टैंक में एक दिन छोड़कर कैनाल बेस्ड पानी भरने का शेड्यूल बनाया है, जिससे ग्रामीणों को जरूरत के अनुसार पेयजल सप्लाई उपलब्ध हो सकेगी। आपको बता दें कि पब्लिक हेल्थ विभाग ने लहरोदा में नहरी पानी स्टॉक करने के लिए टैंक बनाए हैं। यहां से पानी को मोटरों की मदद से लिफ्ट करके निजामपुर रोड के टैंक, अकबरपुर, मोहनपुर, नांगल नूनिया के बाद थनवास के टैंक में सप्लाई छोड़ी जाती है, लेकिन लहरोदा टैंक पर 50 एचपी की मोटर खराब होने के कारण लिफ्टिंग प्रक्रिया टूट गई, हालांकि विभाग ने 35-35 एचपी की दो मोटरों की मदद से सप्लाई को दुरुस्त करने के प्रयास किए, लेकिन पाइपों में पानी का प्रेशर नहीं बन पाया, ऐसे में थनवास तक पानी पहुंचने से पहले ही सप्लाई कमजोर पड़ गई। इधर थनवास में पेयजल संकट उत्पन्न होने पर विभागीय बोरवेलों से पेयजल सप्लाई को बहाल करने के प्रयास किए गए, लेकिन एक बोरवेल में दो घंटे के अंतराल पर 20 मिनट पेयजल संभव है(



नांगल चौधरी। नलकूप में पानी सप्लाई पहुंचने का निरीक्षण करते गोविंद हुड्डा।

**पानी की बर्बादी पर अंकुश लगाएं ग्रामीण**

विभाग के कनिष्ठ अभियंता गोविंद हुड्डा ने बताया कि लहरोदा टैंक पर 50 एचपी की मोटर खराब होने से थनवास गांव में पेयजल संकट बढ़ा है। मोटर की रिपेयर करवाकर थनवास समेत सभी गांवों में पेयजल सप्लाई दुरुस्त हो गई है। घरेलू व सार्वजनिक टंकियों पर टोंटी को खुला नहीं छोड़ें।



नारनौल। मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित करते हुए।

# स्वयंसेवकों को एनएसएस के उद्देश्यों से अवगत कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

एमएलएस डीएवी स्कूल में जिला स्तरीय सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ जिला एनएसएस समन्वयक चरण सिंह बड़ेसरा व कार्यक्रम अधिकारी धर्मसिंह के मार्गदर्शन में किया गया। इस शिविर का शुभारंभ जिला प्राचार्य संगठन के प्रधान वीरसिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीएवी स्कूल प्राचार्य राजेश कुमार ने की। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी धर्मसिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों, आदर्श वाक्य, बैज आदि के विषय में स्वयंसेवकों को अवगत करवाया।

प्रवक्ता पवन कुमार ने स्वयंसेवकों को चरित्र निर्माण व संस्कारों को लेकर अपना व्याख्यान दिया। मुख्य अतिथि बीरसिंह ने कहा कि राष्ट्र सेवा योजना देश के युवाओं को समुदाय व देश सेवा के कार्यों में जोड़ने का कार्य करती है। इससे स्वयंसेवकों में समुदाय के प्रति जिम्मेदारी की भावना का विकास होता है, साथ ही उनके व्यक्तित्व का विकास भी होता है। शिविर में करवाई जाने वाली सभी गति विधियों में स्वयंसेवक भाग ले, ताकि उनके व्यवहार में सेवा भाव दिखाई दे। उन्होंने युवाओं को बुराई से दूर रहकर अपने समय को समाजसेवा में लगाने के अपील की।

**ये रहे उपस्थित**

इस मौके पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी राजेंद्र कुमार, पवन कुमार, कप्तान सिंह, विनोद, अनीता, विजय सिंह, कमलेश शर्मा, अशोक कुमार, महेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

**योजनाएं** सीएम नायब सैनी व स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव करेंगे कई बड़ी परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास

# नारनौल अस्पताल में खुलेगा स्वस्थ नारी स्वस्थ परिवार क्लीनिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल।

प्रदेश के निवासियों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में शुक्रवार का दिन एक बड़ा मील का पत्थर साबित होने जा रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव प्रदेश सहित विशेष रूप से महेंद्रगढ़ जिले को करोड़ों रुपये की स्वास्थ्य परियोजनाओं की बड़ी सौगात सौंपने जा रहे हैं। पंचकूला स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस से आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम के जरिए जिले में महिलाओं के स्वास्थ्य, ग्रामीण चिकित्सा ढांचे और डिजिटल हेल्थ से जुड़ी आठ महत्वपूर्ण परियोजनाओं का डिजिटल माध्यम से उद्घाटन और शिलान्यास किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि सरकार का मुख्य उद्देश्य गांव गांव तक आधुनिक और सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना है, ताकि आमजन को सामान्य या गंभीर इलाज के लिए बड़े महानगरों की ओर रुख न करना पड़े। इन सभी योजनाओं के धरातल पर उतरने से प्रदेश सहित महेंद्रगढ़ जिले के हजारों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। इस पूरी सौगात में सबसे अहम कदम क्षेत्र की महिलाओं के स्वास्थ्य को समर्पित किया गया है, जिसके तहत नागरिक अस्पताल नारनौल में विशेष रूप से स्वस्थ नारी स्वस्थ परिवार क्लीनिक की शुरूआत की जाएगी। इस विशिष्ट क्लीनिक के माध्यम से स्थानीय महिलाओं को एक ही छत के नीचे बेहतर स्वास्थ्य जांच, परामर्श और विशेषज्ञ इलाज की अत्याधुनिक सुविधाएं मिल सकेंगी। इसके साथ ही दिल के मरीजों के लिए भी सरकार एक बड़ी राहत लेकर आई है। ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में हृदय रोगों की त्वरित जांच सुनिश्चित करने के लिए पूरे राज्य में डिजिटल तकनीक से लैस टेली ईसीजी सेवा का आगाज किया जा रहा है। इस सेवा की मदद से अब स्थानीय स्वास्थ्य केंद्रों पर आने वाले मरीजों की ईसीजी रिपोर्ट सीधे बड़े विशेषज्ञों तक पहुंचेगी, जिससे गंभीर स्थिति में हृदय रोगों की समय रहते पहचान व इलाज बेहद तेज तथा आसान हो जाएगा।



आरती सिंह राव।

**प्रदेश को स्वास्थ्य के क्षेत्र में आज मिलेंगी बड़ी सौगात : ग्रामीण चिकित्सा ढांचे को मिलेंगी मजबूती**

**गांवों में होगा आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का उद्घाटन**

ग्रामीण इलाकों के चिकित्सा ढांचे को सुदृढ़ करने की कड़ी में जिले के पांच गांव तिगरा, बिहाली, बजाड़, सिहोर व स्याना में नवनिर्मित आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का भव्य उद्घाटन कर उन्हें जनता को समर्पित किया जाएगा। ये केंद्र ग्रामीण स्तर पर प्राथमिक चिकित्सा को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएंगे। स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने के साथ साथ आम और गरीब मरीजों की जेब पर पड़ने वाले बोझ को कम करने के लिए नागरिक अस्पताल नारनौल में एक नए अमृत फार्मेसी स्टोर का शिलान्यास भी किया जाएगा। इस स्टोर के क्रियाशील होने के बाद गंभीर बीमारियों जैसे कैंसर और हृदय रोग की ब्रांडेड दवाइयां और जरूरी मेडिकल इंप्लांट्स आम मरीजों को बेहद रियायती और सस्ती दरों पर अस्पताल परिसर में ही उपलब्ध हो सकेंगे। कुल मिलाकर देखा जाए तो जिला अस्पताल में विशिष्ट क्लीनिक व अमृत स्टोर की नींव रखने और ग्रामीण इलाकों में एक साथ पांच आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की शुरूआत होने से क्षेत्र के स्वास्थ्य में बड़ा सुधार देखने को मिलेगा।